प्रेषक, आई0डी0–यू0पी0 2411

अंचल लवानिया,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (दस्यु प्रभा0क्षेत्र)
जालौन स्थान उरई।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा–

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जालौन स्थान उरई।

विषय– **दिनांक 18.02.2018 से 31.03.2020 तक धारित चल व अचल संपत्ति के विवरण के संबंध में।**

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा 18.02.2018 से 31.03.2020 तक धारित चल व अचल संपत्ति का विवरण विहित प्रारूप में प्रेषित किया जाना अपेक्षित था किन्तु अधोहस्ताक्षरी के द्वारा कार्य अधिकता के कारण, भूलवश व कोविड–19 की महामारी के कारण उक्त विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष समय से प्रेषित नहीं किया जा सका जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी क्षमा प्रार्थी है तथा प्रार्थी उक्त विवरण प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब के लिए क्षमा याचना करता है साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा नियुक्ति से पूर्व धारित व चल व अचल संपत्ति का विवरण विहित प्रारूप में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष सादर प्रस्तुत किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा भविष्य में समय से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि उक्त विवरण प्रस्तुत करने में हुए विलम्ब के बावत अधोहस्ताक्षरी को क्षमा कर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की कृपा करें। महती कृपा होगी।

विशेष आभार के साथ।

भवदीय,
11/12/21

(अंचल लवानिया)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश
(दस्यु प्रभा0क्षेत्र)
जालौन स्थान उरई।

दिनॉक–11.12.2021

संलग्नक– 18.02.2018 से 31.03.2020 तक धारित चल व अचल संपत्ति का विवरण।